मंगलवार
19 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


सात करोड की जमीन के लिए दोस्त ने कराई थी नीलेश की हत्या
2



# यूपी में निवेशकों को सुरक्षा और हर सुविधा की गारंटी है: सीएम योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने वालों तथा उद्योग लगाने वालों को सरकार की तरफ से आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेशकों व उद्यमियों को सुरक्षा और हर तरह की सुविधा की पूरी गारंटी है। निवेशकों, उद्यमियों के सामने किसी तरह की समस्या सामने नहीं आने दी जाएगी, न तो सुरक्षा के मामले में और न ही शासन की किसी सुविधा के मामले में। वे बेहिचक उत्तर प्रदेश में निवेश करें, सरकार उनके साथ खड़ी मिलेगी। सीएम योगी सोमवार अपराह्न गीडा के सेक्टर 26 में 110 करोड़ रुपये के निवेश वाली तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन, 136 करोड़ रुपये के अवस्थापना कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण और 97 उद्यमियों को 102 भूखंडों के आवंटन सह आशय पत्र वितरण के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने निवेशकों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुरक्षा का माहौल देने के साथ ही सरकार हर तरह की सुविधा का लाभ दे रही है। निवेश मित्र और निवेश सारथी जैसे ऑनलाइन पोर्टल इसके लिए बनाए गए हैं। बिना किसी बाधा के निवेशकों को सरकार की तरफ से इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के अंदर एक सकारात्मक माहौल बना है। यह माहौल विकास, सुरक्षा व समृद्धि का है। जब प्रत्येक व्यक्ति के एजेंडे में विकास होता है तो वह हर तरीके से उसके लिए माहौल बनाने में अपना योगदान देता है।

**असुरक्षित वातावरण में नहीं होता निवेश:** सीएम योगी ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी। और, उसमें भी आज से पांच-सात साल पहले गोरखपुर की स्थिति क्या हुआ करती थी। अपराधी और माफिया हर एक व्यवस्था पर हावी था। अराजकता चरम पर थी। प्रदेश में हर दूसरे-तीसरे दिन एक दंगा होता था। भ्रष्टाचार चरम पर था। इस माहौल में राज्य के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। विकास कार्य ठप हो गए थे। असुरक्षित वातावरण में कोई निवेश नहीं करता। सभी संस्थाएं अवमूल्यन की ओर जाती हैं। यही स्थिति उत्तर प्रदेश के अंदर देखने को मिल रही थी। पर, पिछले छह वर्ष के अंदर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र जी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में आज सभी लोगों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश को देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गीडा का यह वही क्षेत्र है जहां पर 2005-06 में समाजवाद पार्टी की सरकार में स्लाटर हाउस लगाने का कार्य हो रहा था। आज यहां स्लॉटर हाउस नहीं बल्कि एथेनॉल का प्लांट लगता है। हर घर नल की योजना के लिए पाइप की फैक्ट्री लगती है। डेरी का प्लांट लगता है। इन सबसे हजारों नौजवानों को रोजगार मिलता है।

**यूपी को मिले हैं 36 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 से 12 फरवरी 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के अंदर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। इसमें उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। अकेले गोरखपुर को करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने पर एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार मिलने की संभावना है। गीडा में 102 नए उद्योगों की स्थापना के लिए आशय पत्र के वितरण का कार्य इसी संभावना को आगे बढ़ाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो की हुई तैनाती

**एजेंसी/नई दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर के जंगलों में 'सीआरपीएफ' के कोबरा कमांडो, अब दहशतगर्दों का काल बनेंगे। सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) इकाई के इन जांबाजों को 'जंगल वॉरफेयर' का खासा अनुभव हासिल है। कोबरा यूनिट ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों की कमर तोड़ने में बड़ी भूमिका अदा की है। अब इस यूनिट को कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन में लगाया जाएगा। कोबरा कमांडो का पहला बैच, जिसने जम्मू-कश्मीर के जंगलों में लड़ने का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, उसे कुपवाड़ा में तैनात किया गया है। सूत्रों का कहना है कि विभिन्न चरणों में कोबरा कमांडो की संख्या बढ़ाई जा सकती है। कोबरा के बारे में कहा जाता है कि ये कमांडो 'यूएस' मेरिन फोर्स को टक्कर देते हैं।

छह माह पहले कोबरा यूनिट को जम्मू-कश्मीर में भेजा गया था। कमांडो की ट्रेनिंग अब पूरी हो गई है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से 'सीआरपीएफ' तैनात है। वहां पर आतंकियों के खिलाफ विभिन्न ऑपरेशंस में सेना की राष्ट्रीय राइफल और पुलिस के साथ सीआरपीएफ भी रहती है। इस बल की 'क्यूएटी' ने आतंक रोधी अभियानों में खुद को साबित कर दिखाया है। सीआरपीएफ कमांडो, बहादुरी के कई कारनामों में सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। कोबरा यूनिट का गठन 'यूएस मेरिन कमांडो फोर्स' की तर्ज पर हुआ था। अब ये कमांडो, बहादुरी के कई कारनामों में यूएस मेरिन कमांडो से आगे निकल चुके हैं।

**2015 में पहली बार नजर आए थे कोबरा कमांडो:** साल 2015 में गणतंत्र दिवस की परेड में पहली बार सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो राष्ट्र के सामने आए थे। कोबरा यूनिट का गठन करने से पहले यूएस मेरिन कमांडो, उनकी ट्रेनिंग, वर्किंग स्टाइल, सर्जीकल स्ट्राइक और दूसरे कई तरह के ऑपरेशन की जानकारी ली गई। इन सबके बाद ही कोबरा यूनिट स्थापित हुई थी। यह विशिष्ट कमांडो फोर्स जंगल में बिना किसी मदद के 11 दिन तक लड़ सकती है। इसी वजह से कोबरा विश्व में पहले स्थान पर है। नक्सलियों, आतंकियों से लड़ने और दूसरे बड़े ऑपरेशनों के लिए इस विशिष्ट फोर्स को खास तरह की ट्रेनिंग दी गई है। हथियार, वर्दी एवं तकनीकी उपकरणों के मामले में भी 'कोबरा' दूसरे सभी बलों से पूरी तरह अलग है। बिना किसी मदद के लगातार डेढ़ सप्ताह तक जंगलों में लड़ते रहना इस फोर्स की खासियत है।

### पीएम ने संसद के विशेष सत्र के दौरान पुरानी संसद में दिए आखिरी भाषण

# सरकारें आएंगी जाएंगी, लेकिन यह देश रहना चाहिए: पीएम मोदी

♦ अपने भाषण में पीएम मोदी ने पं. नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी, नरसिम्हा राव का किया जिक्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र के दौरान पुरानी संसद में अपने आखिरी भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कई बातों का जिक्र किया। पीएम मोदी पुराने संसद भवन को विदा देते हुए देश के भविष्य का जिक्र करते हुए कहा कि इस सदन ने देश को आगे बढ़ाने वाले फैसले किए। उन्होंने अपने भाषण में पंडित नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और नरसिम्हा राव का जिक्र किया। पीएम मोदी ने अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उस भाषण का जिक्र किया, जो अटल का ऐतिहासिक है।' उन्होंने कहा, 'इसी सदन में एक वोट से अटल जी की सरकार चली गई थी और आज छोटे-छोटे दलों ने इस लोकतंत्र को खूबसूरत बनाया है। पीएम मोदी ने अटल जी के भाषण के कुछ अंश का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'सरकारें आएंगी जाएंगी, पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी, लेकिन यह देश रहना चाहिए।'



### संसद पहुंचने पर शीश झुकाकर किया था नमन

पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं पहली बार इस संसद का सदस्य बना तो मैंने सहज रूप से इस संसद की सीढ़ी पर शीश झुकाकर नमन किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो पल मेरे लिए भावनाओं से भरी हुई थी। मैं कल्पना नहीं कर सकता था। लेकिन भारत के लोकतंत्र की ताकत है, भारत के सामान्य मनुष्य की लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा है कि रेलवे प्लेटफॉर्म पर गुजारा करने वाला बच्चा इस देश का पीएम बनेगा। पीएम मोदी ने काह कि जी-20 की सफलता किसी व्यक्ति विशेष की सफलता नहीं है। ये भारत की सफलता है। पीएम ने कहा कि भारत जब जी-20 का अध्यक्ष रहा तो अफ्रीकी यूनियन इसका सदस्य बना। कितनी बड़ी अपेक्षा और आशा पूरी करने का काम भारत के हाथ में आया। भारत के प्रति शक करने का एक स्वभाव कई लोगों का बना हुआ है। इस बार भी यही था। कोई घोषणापत्र नहीं होगा, असंभव है.. लेकिन ये भारत की ताकत है कि वह भी हुआ और विश्व सर्वसम्मति से एक साझा घोषणापत्र लेकर आगे बढ़ा। पीएम मोदी ने कहा कि हम भले ही नए भवन में जाएंगे लेकिन ये भवन भी आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। पीएम ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के लिए इस सदन के माध्यम से हम इस देश के वैज्ञानिकों और उनके साथियों को बधाई देता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि नई संसद में सबके विश्वास को लेकर जाने का समय है। उन्होंने कहा कि जो नया विश्वास पाया है उसको लेकर जाने का है। बहुत सी ऐसी बाते हैं जो सदन में हर किसी की ताली की हकदार है लेकिन शायद राजनीति उसमें भी आड़े आ गई। नेहरू के योगदान का गौरवगान इस सदन में होता है तो कौन सदस्य होगा जिसको ताली बजाने का मन नहीं करेगा। लेकिन उसके बावजूद भी देश के लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि हम सब अपने आंसुओं को देखें।

पीएम मोदी ने कहा कि नरसिम्हा राव की सरकार ने हिम्मत के साथ पुरानी आर्थिक नीतियों को छोड़कर नई राह पकड़ने का फैसला किया था, जिसका आज देश को परिणाम मिल रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इसी सदन में देखा सर्व शिक्षा अभियान, आदिवासी कार्यलय मंत्रालय, नॉर्थ ईस्ट का मंत्रालय अटल जी ने बनाया। परमाणु परीक्षण भारत की ताकत का परिचायक बन गया। इसी सदन में मनमोहन सिंह की सरकार कैश फॉर वोट को भी उस कांड को भी सदन ने देखा है।

पीएम मोदी ने आज पत्रकारों के कामों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब आज हम इस सदन को छोड़ रहे हैं तब मैं उन पत्रकार मित्रों को याद करना चाहता हूं जिन्होंने पूरा जीवन पत्रकार काल में संसद के काम को ही रिपोर्ट किया है। उन्होंने यहां के पल की पल की जानकारी देश तक पहुंचाई है। उनका सामर्थ्य था कि अंदर की खबर पहुंचाते और अंदर की अंदर की बात भी पहुंचाते थे। जिन्होंने संसद को कवर किया है शायद उनके नाम जाने नहीं जाते है, लेकिन उनके काम को कोई भूल नहीं सकता। खबरों के लिए नहीं, भारत की विकास यात्रा को समझने के लिए जानना जरूरी है। एक प्रकार से जैसी ताकत यहां की दीवारों की रही है वैसा ही दर्पण उनके कलम में रही है। पीएम ने कहा कि जैसे मेरे लिए ये सदन छोड़ना भावुक है उसी तरह से उन पत्रकारों के लिए भी वैसा ही भावुक पल होगा।

पीएम मोदी ने देश को आगे बढ़ाने में देश के पहले पीएम पंडित नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू, शास्त्री वहां से लेकर अटल से लेकर मनमोहन सिंह तक एक बहुत बड़ी श्रृंखला जिसने इस सदन का नेतृत्व किया और सदन के माध्यम से देश को दिशा दी है। देश को नए रंग रूप में ढालने के लिए उन्होंने परिश्रम किया है, पुरुषार्थ किया है। आज उन सबका गौरवगान करने का अवसर है।

# संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल को मिली मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र के बीच कैबिनेट की अहम बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है। इस बिल को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने आखिरकार इस बिल को मंजूरी दे दी। इस मंजूरी के बाद महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी या एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में 33 फीसदी कोटा के भीतर एससी, एसटी और एंग्लो-इंडियन के लिए उप-आरक्षण का भी प्रस्ताव है। विधेयक में प्रस्तावित है कि प्रत्येक आम चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए। आरक्षित सीटें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन द्वारा आवंटित की जा सकती हैं। इस संशोधन अधिनियम के लागू होने के 15 साल बाद महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण समाप्त हो जाएगा।




### सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले व्यापारी को 'भामाशाह पुरस्कार' देगी योगी सरकार

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनेगी भामाशाह जयंती

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

देश की आन-बान शान रहे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की बहादुरी के किस्से-कहानियों की बात करते लोग आज भी नहीं थकते हैं। कभी मुगलों की दासता स्वीकार न करने वाले आत्मसम्मानी और मातृभूमि के लिए सब कुछ न्योछावर करने का संकल्प रखने महाराणा को सेना खड़ी करने के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाले दानवीर भामाशाह का भी महत्व कम नहीं है। इसी महत्व को जनमानस में प्रसारित करने और उत्तर प्रदेश के व्यापारी व उद्योगपतियों को सम्मानित करने के लिए योगी सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसे क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29 जून को भामाशाह जयंती पर अब योगी सरकार प्रदेश भर में भव्य आयोजनों के जरिए व्यापारी कल्याण दिवस के तौर पर मनाए जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के समक्ष इस वर्ष भामाशाह जयंती को प्रदेश में मनाए जाने को लेकर मांग व सुझाव आए थे, जिसे सीएम योगी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अब इस परिपेक्ष्य में विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित कर दिया है।



### संस्कृति विभाग को जारी किए गए निर्देश

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, संस्कृति विभाग को आयोजन के संबंध में स्पष्ट निर्देश देते हुए राज्य कर विभाग, एमएसएमई, नगरीय विकास, ग्राम्य विकास व औद्योगिक विकास की भी सहभागिता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार, प्रदेश में भामाशाह जयंती पर राज्य, जिला व तहसील स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इसमें ओडीओपी से जुड़े उत्पादों के स्टॉल प्रमुख होंगे। वहीं, भामाशाह की जीवनी, उनके महत्व और महाराणा प्रताप को उनके द्वारा दी गई मदद संबंधी तथ्यों को कार्यक्रम में संगीत, नृत्य नाटिका व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए दशार्या जाएगा। इस अवसर पर राज्य के प्रत्येक जिले में व्यापारी कल्याण दिवस पर इनवेस्टर्स समिट का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगपतियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, लखनऊ में राज्यस्तरीय भव्य आयोजन के जरिए 29 जून यानी भामाशाह जयंती को प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले व्यापारी को भामाशाह पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### 1.70 करोड़ रु ट्रांसफर किए जाएंगे उ प्र संगीत नाटक अकादमी के खाते में

प्रदेश में भामाशाह जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस से संबंधित राज्यस्तरीय सांस्कृतिक आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी को 6 विभागों से कुल मिलाकर कर 1.70 करोड़ रुपए बतौर सहयोग राशि उपलब्ध कराया जाएगा। इस क्रम में पर्यटन विभाग द्वारा 30 लाख, सूचना व जनसंपर्क विभाग द्वारा 30 लाख, एमएसएमई द्वारा 20 लाख, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 20 लाख, समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 लाख तथा संस्कृति विभाग द्वारा 50 लाख रुपए की सहयोग राशि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे।

## ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# टूटी सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से कराएं

- सीएम बोले... ग्रामीण इलाकों में जिन पथों की चौड़ीकरण की आवश्यकता है उसका आकलन कर उस पर काम करें
- बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराने के साथ ही उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी कराएं



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण की योजनावार स्थिति एवं बिहार ग्रामीण पथ विभागीय अनुरक्षण नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लक्षित बसावटों में संपर्कता प्रदान करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना एवं अन्य राज्य योजना, ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना, ग्रामीण पथों के नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य आदि कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही करायें, इसके लिए आवश्यकतानुसार अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करायें। विभाग के अभियंता पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा। निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर पथों का स्थलीय निरीक्षण अभियंता करते रहें। ग्रामीण कार्य विभाग बचे हुये टोलों के लिये भी पथों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें ताकि उनकी सम्पर्कता सुलभ हो सके। ग्रामीण इलाकों में जिन पथों की चौड़ीकरण की आवश्यकता है उसका आकलन कर उस पर काम करें। क्षतिग्रस्त पथों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से कराएं। मुख्यमंत्री ग्रामीण टोला संपर्क योजना तथा अन्य निमार्णाधीन पथों का निर्माण तेजी से पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमलोगों ने बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। किए गए कार्यों को लोगों को बतायें, जिससे उन्हें पता चले कि राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधन से बेहतर ग्रामीण पथों का निर्माण कराया गया और उसकी देखभाल की जा रही है। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य अभियंता उपस्थित थे।

## 900 लीटर शराब तस्करी करते पकड़े गए हाजीपुर के थानेदार व पुलिसकर्मी

### शराब विनष्टीकरण के नाम पर खेला

**केटी न्यूज/पटना**

हाजीपुर में पुलिस थाने से पुलिस वाले ही शराब की तस्करी करते रंगे हाथ पकड़े गए। थानाध्यक्ष से लेकर, संतरी, चौकीदार, सभी मिलकर 900 लीटर विदेशी शराब को तस्कर के हाथों बेचने की फिराक में थे, लेकिन पटना उत्पाद विभाग की टीम ने रंगे हाथ सभी को सराय थाना पहुंचकर धर दबोचा। थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सभी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दरअसल, पूरा मामला हाजीपुर के सराय थाना क्षेत्र का है, जहां शनिवार की रात सराय थाना में पकड़ी गई कुल 3700 लीटर अवैध शराब को विनष्टीकरण किया गया था। विनष्टीकरण की सारी प्रक्रिया पूरी भी कर ली गई थी, लेकिन भ्रष्ट थानाध्यक्ष और मालखाना प्रभारी, रात्रि पहरेदार चौकीदार और एक संतरी ने मिलकर 900 लीटर विदेशी शराब को छिपा कर रख लिया और मात्र 2800 लीटर ही शराब को नष्ट किया। मालखाना से शराब की कार्टून को गाड़ी में लोडकर शराब तस्कर के पास भेजा ही जाना था, लेकिन इसकी सूचना पटना उत्पाद विभाग की टीम को लग गई।

**शराब की कीमत 15 लाख रुपए:** उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी की तो मामले का खुलासा हुआ। सभी आरोपी पकड़े गए। लगभग 15 लाख रुपए की शराब की हेरा-फेरी करने में लगे हुए थे। थाने से शराब तस्करी की खबर जैसे ही एसपी रवि रंजन को लगी वो तुरंत सराय थाना पहुंच गए। एसपी ने थानाध्यक्ष विदुर कुमार, मालखाना प्रभारी मुनेश्वर कुमार, संतरी सुरेश कुमार और चौकीदार रामेश्वर राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया

## अगले महीने चुनावी यात्रा पर निकलेंगे तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव 2024 की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियां जनता के बीच अपनी दस्तक देने पहुंचने लगे हैं। इसी क्रम में राजनीतिक यात्राओं का दौर भी शुरू होने वाला है। वहीं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल की चुनाव यात्रा पर अक्टूबर में जिलों की यात्रा पर निकलेंगे। इंडिया महागठबंधन में अभी सीट शेयरिंग अंतिम निर्णय पर पहुचना बाकी है इसी बीच राजद के नेता तेजस्वी यादव बिहार की हर सीट पर अपनी धमक जमाने दौरे पर निकलने वाले हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद को कोई सीट नहीं मिल पाया था, लेकिन साल 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद ने बड़ी जीत हासिल करते हुए बिहार की सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। तेजस्वी ने विधानसभा चुनाव के पहले भी प्रदेश का तूफानी दौरा किया था। तेजस्वी बिहार के सभी 38 जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं, जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। वे बूथ स्तर तक राजद की मजबूती का जायजा लेंगे और कहीं कोई विवाद या परेशानी होगी तो उसे दूर करने की कोशिश भी होगी। बता दें बिहार में विधानसभा की 243 सीट है तो लोकसभा की 40 सीट है।

राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पूरी पार्टी बूथ और वार्डों तक पहुंच चुकी है। बरसात के बाद सच है कि तेजस्वी यादव पूरे बिहार में जाएंग। तेजस्वी यादव अपनी यात्रा में देखेंगे कि गांव- कस्बा कैसे सुदृढ़ हो।

वहीं तेजस्वी यादव की संभावित यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। पूर्व मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि 14 माह से तेजस्वी यादव बिहार के उप मुख्यमंत्री हैं। वे पांच डिपार्टमेंट लेकर बैठे हुए हैं। नितिन नवीन ने प्रश्न करते हुए कहा कि 14 महीने में विदेश यात्रा और राजनीतिक प्रवास के अलावा उन्होंने किया क्या है। वे जिले में जाएंगे जनता उनसे सवाल पूछेगी कि पांच विभागों में आपने क्या काम किया है? गौरतलब है कि तेजस्वी यादव बिहार के सभी 38 जिलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यकताओं की हौसला अफजाई के साथ संगठन को भी मजबूत करेंगे।

## चुनाव जितना जल्दी कराएं उतना अच्छा, हमलोग तैयार हैं: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

संसद के विशेष सत्र को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि यह देखना होगा कि विशेष सत्र में इस बार क्या विशेष है। वह लोग क्या लाने जा रहे हैं, या क्या होगा ये तो बाद में पता चलेगा। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बिहार में समय से पहले चुनाव के दावे के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो चाहते ही हैं कि देश में समय से पहले चुनाव हो जाए। वो लोग पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं तो जल्दी कराएं न। जितना जल्दी कराएं उतना अच्छा है। हम लोग तो हर समय चुनाव के लिए तैयार रहते हैं। भारत सरकार को अधिकार है कि संसद का चुनाव पहले भी करा सकती है।

भाजपा इंडिया गठबंधन को कोई चुनौती नहीं मानते हैं, इस सवाल पर सीएम नीतीश ने कहा कि हम जनता के सेवक हैं। हम किसी को चुनौती नहीं देते हैं। हम जनता के बीच में सारी बात कहते हैं। जो अच्छा काम नहीं करेगा लोग उसके बारे में फैसला लेंगे। इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। कोई दिक्कत नहीं है। नीतीश और लालू की जोड़ी तेल और पानी जैसी, इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बता दीजिए कि यहां कितना विकास हुआ है, गांधी मैदान में बापू की कितनी अच्छी मूर्ति बनी है। पूरे बिहार का विकास देखिए। बिहार में कितनी अच्छी सड़कें बन गई हैं, पुल बना है। गरीब राज्य रहते हुए हमलोगों ने मेहनत करके बिहार में विकास का काम किया है।

## खुलासा... सात करोड़ रुपए की जमीन के लिए दोस्त ने करवाई थी नीलेश मुखिया की हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में सबसे अधिक चर्चा में रहे नीलेश मुखिया मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पटना पुलिस का कहना है कि 7 करोड़ की जमीन के लिए वार्ड पार्षद पति नीलेश मुखिया की हत्या करवाई गई थी। यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उनके ही करीबियों ने करवाई है। पटना पुलिस ने कुर्की के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों में दीघा इलाके के अजय राय उर्फ विशाल, उसका चाचा उदय कुमार और संतोष कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल, मैग्जीन, 4 कारतूस और एक क्रेटा कार बरामद किए। पटना पुलिस ने जो खुलासे किए वह काफी चौंकाने वाले थे।



**7 कट्ठा जमीन के लिए नीलेश मुखिया और अजय राज में मनमुटाव:** पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया है कि अजय राय और नीलेश राय अच्छे दोस्त थे। दोनों जमीन का कारोबार करते थे। अटल पठ पर करीब 7 करोड़ मूल्य के 7 कट्ठा जमीन के लिए दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। इसके बाद अजय, उदय और संतोष नीलेश मुखिया के विरोधी पप्पू और धप्पू राय से जा मिले। इसके बाद इनलोगों ने मिलकर हत्या की साजिश रची।

पटना पुलिस के अनुसार, अजय राय के खिलाफ करीब दर्जन भर केस दर्ज हैं। अजय राय नीलेश मुखिया को अपने रास्ते से हटाना चाहता था। इसलिए वह उसके विरोधियों से जा मिला। इसके बाद उसकी हत्या के लिए शूटर हायर किए गए। इन शूटरों को 25 लाख रुपये देने की बात तय हुई। लेकिन अजय राय ने अपने दोस्तों की मदद लेकर पटना सिटी से इमरान से संपर्क किया। इसके बाद साढ़े 5 लाख की सुपारी देकर शूटर से नीलेश मुखिया की हत्या करवा दी। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है।



# बदहाल व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को लेकर अभाविप ने फूंका कॉलेज प्रशासन का पुतला

**केटी न्यूज/बक्सर**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महर्षि विश्वामित्र कॉलेज इकाई के द्वारा कॉलेज परिसर में व्याप्त शैक्षणिक और मूलभूत सुविधाओं के लिए सोमवार को कॉलेज प्रशासन का पुतला दहन कॉलेज परिसर में किया गया। जिसके पश्चात एक सभा का आयोजन कॉलेज के हड़ताली चबूतरा पर किया गया। आयोजित सभा की अध्यक्षता कॉलेज इकाई के अध्यक्ष अंकित कुमार पांडेय और नेतृव कॉलेज परिसर के मंत्री अभिषेक कुमार गुप्ता ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए अभाविप के जिला संयोजक अमित कुमार केसरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के लगातार आंदोलनों से प्रभावित होकर वर्षों बाद एक सुखद संयोग बना है कि छात्र-छात्रा महाविद्यालय में कक्षा करने के लिए आ रहे है। लेकिन कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण महाविद्यालय परिसर अस्त व्यस्त पड़ा है। एक ओर जहां साईकिल स्टैंड बदहाल है तो दूसरी ओर पुस्तकालय और वाचनालय की हालत बद से बदतर है, ना छात्रों को पुस्तके आवंटित हो पा रही है ना बच्चे वाचनालय में बैठ कर पढ़ पा रहे है। कई विभागों की कक्षायो का संचालन भी समय से नहीं हो रहा है। इन सब समस्याओ के लिए दोषी महाविद्यालय प्रशासन ही है। नगर मंत्री प्रियांशु शुभम ने कहा कि कॉलेज की शैक्षणिक अराजकता की भयावहता तब और शुरू हो जाती है जब महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा बीते कई सालों से वर्गों के संचालन के लिए ना तो कोई श्यामपट है और ना उसपर लिखने हेतु कोई चाक और डस्टर है। कॉलेज के सभी छात्र-छात्रा शुद्ध पेयजल के लिए इधर से उधर भटकने को मजबूर है। वजह कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा कही भी विद्यार्थी लोगों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय की भी व्यवस्था नही की गई है। इन्ही सब मुद्दों के कारण विवश होकर महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अभाविप कार्यकताओं के द्वारा महाविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया। विभाग सह संयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि अगर विद्यार्थी परिषद के सभी मांगों को नहीं माना गया तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। मौके पर अभिनंदन मिश्र, जिला एसएफडी के प्रमुख मनीष सिंह काजू, नगर सह मंत्री विराज सिंह, अभिनव पाण्डेय, राहुल कुमार, प्रवीण मिश्रा, सत्यम गुप्ता, राजा कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष मनीष वर्मा, शिवांश सिंह प्रज्ञा मिश्र, महाविद्यालय सह मंत्री आदित्य गुप्ता, अंकित कुशवाहा, सूरज शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के दीघार्यु की कामना के साथ भाजपा ने मनाया जन्मदिन

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकताओं ने मनाया। इस दौरान जिलेभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जन्मदिवस पखवाड़ा के अवसर पर बक्सर में भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश जिला प्रभारी चंद्रांशु मिश्र, रेडक्रॉस के सचिव श्रवण तिवारी, जिला से लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह, भाजपा नेता प्रदीप दुबे, जिला कोषाध्यक्ष ज्वाला सैनी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रतीक सिंह ने किया। इस अवसर पर मोर्चा कार्यकताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ रक्तदान किया। युवा मोर्चा द्वारा जिले में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले प्रियेश साह को सम्मानित किया गया। रक्तदान की शुरूआत जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के रक्तदान से प्रारंभ हुआ। इस दौरान कुल 25 युवाओं ने रक्तदान किया। प्रदेश जिला प्रभारी चंद्रांशु मिश्र ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं के अंदर एक नव जागृत चेतना भरने का काम किया है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के वरीय नेता दीपक यादव, अभिषेक पाठक, अभिन्नदन मिश्र, अक्षय ओझा, युवती प्रमुख हनी जायसवाल, महामंत्री विमलेश सिंह, प्रदीप मिश्र, ओमजी यादव, अरविन्द पासवान, दीपक सिंह, चन्दन सिंह, शेखर सिंह, अभिषेक सिंह, रोहित मिश्र, गौरव गिरी, गोलू मिश्र, बिट्टू राय, अमोद पाण्डेय, शोभित कुमार, सत्यम तिवारी, दिनेश राय, अनिल सिंह, कुंदन वर्मा, पियुष कुमार, बबलु राजा, बिट्टू तिवारी, संजय सिंह, दुर्गेश मिश्र, सर्वेश्वर चौबे, हिमांशु शर्मा, आदित्य कुमार, बलराम मिश्र, चन्दन शर्मा, राजेन्द्र राय, विकास राय, रवि सिंह, विमलेश पाठक, अमर पाठक, चन्दन पाण्डेय, विशाल पासवान, पियुष चौरसिया, विकास यादव, अनिल कुमार, राहुल राय व अन्य मौजूद रहे।

## मझवारी में आरोपियों ने महिला से अवैध संबंध का लगाया आरोप

# जमीन विवाद में किराना दुकानदार को बेरहमी से पीटा, स्थिति गंभीर

**केटी न्यूज/सिमरी**



- युवक के परिजनों ने कहा, पहले से आरोपियों से चल रहा है जमीन विवाद
- पुलिस ने दोनों पक्षों का दर्ज किया बयान

सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी गांव में जमीन विवाद में एक किराना दुकानदार की नामजदों ने जमकर पिटाई कर दी है। घटना शनिवार देर रात की है। पीड़ित चंदन कुशवाहा भी उसी गांव है। पिटाई से उसकी स्थिति नाजूक बनी हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही रात में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लेकिन पहली दफा में आरोपी पुलिस टीम से भिड़ गए। इसके बाद थाना से अतिरिक्त बल मंगवाया गया। तब जाकर पुलिस ने उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। अतिरिक्त पुलिस बल को देखते ही आरोपी भागने लगे थे। पुलिस ने दौड़ाकर दो को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित किराना दुकानदार शनिवार की रात दस बजे अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान नामजदों ने उसे अपने घर के पास पकड़ रस्सी से हाथ पैर बांध लाठी डंडे से पिटने लगे। नामजद उस पर गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध का आरोप लगा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपी उन्हें भगा दिए। तब परिजनों सिमरी पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़ित की पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि उनके परिवार का आरोपियों से जमीन विवाद चल रहा है। चंदन ने कई पदाधिकारियों के पास न्याय की गुहार लगाई थी। इसी बात से खार खाए आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। मुन्नी ने अवैध संबंधों की बातों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उसकी पिटाई जमीन विवाद में की गई है। वही पुलिस ने रात में ही नंदजी पासी व अजित पासी नामक दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया था।

**जिस युवती से अवैध संबंध का लगा आरोप उसके परिजनों ने किया इंकार :** सूत्रों की मानें तो जिस युवती से पीड़ित के अवैध संबंध का आरोप आरोपी लगा रहे थे उसके परिजनों ने इससे इंकार किया है। न तो युवती के परिजनों द्वारा युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है और न ही उसके परिजन ही पुलिस के सामने आए। जबकि आरोपियों द्वारा उसे युवती के घर से निकलते रंगेहाथ पकड़े जाने की बात कही जा रही थी। आरोपियों का कहना था कि वह हर दिन युवती के घर जाता था। इस घटना के बाद गांव में गुटीय तनाव बना हुआ है। पुलिस स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

**मामले की जांच की जा रही है**

" मझवारी में एक युवक को बांधकर पीटे जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। मामले में आरोपी जहां अवैध संबंध का आरोप लगा रहे थे, वहीं उसकी पत्नी ने जमीन विवाद में पिटाई किए जाने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। युवक का इलाज सदर अस्पताल में करवाया जा रहा है।

**– अमन कुमार, थानाध्यक्ष, सिमरी**

# महरौरा हत्याकांड, पत्नी ने पांच पर दर्ज कराया केस, कई बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**



- शनिवार की सुबह महरौरा स्कूल व तालाब के बीच से बरामद हुआ था शव, शरीर पर मिले थे चोट के निशान

महरौरा के ग्रहण राय हत्याकांड मामले में उसकी पत्नी पिंकी देवी ने पांच लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश तेज कर दी है। पुलिस एफआईआर के अलावे कई बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है। सूत्रों की मानें तो जांच पूरी होने पर इस हत्याकांड में एक नया मोड़ आ सकता है। फिलहाल पुलिस अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है तथा कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

वही इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। हालांकि पुलिस किसी को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि भी नहीं कर रही है। लेकिन ग्रामीण सूत्रों की मानें तो घटना के बाद पुलिस चार लोगों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। बता दें कि महरौरा के माला राय के इकलौते पुत्र का शव शनिवार को सुबह महरौरा स्कूल व तालाब के पास मिला था। महरौरा का चर्चित शिव मंदिर भी उसी जगह स्थित है। उसके शरीर पर जख्म के निशान मिले थे। जिसके बाद उसकी हत्या किए जाने की बात परिजनों द्वारा कही जा रही थी। वही परिजनों ने इस मामले में पांच को नामजद किया है।

**मृतक के चरित्र का पड़ताल कर रही है पुलिसः** सूत्रों की मानें तो मृतक नशे का आदि था। वह रात में अक्सर घर से बाहर रहता था। जानकार बताते है कि उसके साथ ही कुछ अन्य युवक भी रात में अपने घर में नहीं सोते थे, बल्कि वे लोग स्कूल की छत और शिव मंदिर के पास बने तालाब के किनारे सोने की बात घरवालों को बता रात में निकलते थे। शुक्रवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ था। ग्रहण रात में खाना खाने के बाद सोने के लिए निकला था। लेकिन सुबह में उसकी लाश मिली।

**जल्द होगा मामले का उद्भेदन**

" मृतक की पत्नी ने पांच के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस कई बिंदुओं पर गहराई से पड़ताल कर रही है। अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिला है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

***– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव***

# रास्ते विवाद को लेकर में दो पट्टीदारों में चली गोली

नावानगर। जिले के सिकरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत भदार गांव में दो पट्टीदारों के बीच रास्ते विवाद में गोली चलने की मामला प्रकाश में आया है। हालांकि किसी की हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। विवाद में चली गोली की घटना रविवार देर शाम की है। बताया जाता है कि एक पक्ष द्वारा रास्ते पर गोबर की ढेर रख दिया है। जिससे दूसरे पक्ष को आवागमन में परेशानी होने लगी थी।

इसी मामले को लेकर दोनों पट्टीदारों के बीच पहले कहासुनी शुरू हुई। धीरे-धीरे विवाद में तनाव इतना बढ़ गया कि गोली चलने की नौबत आ गई। दो पट्टीदारों में तनाव एवं गोली चलने की सूचना पर सिकरौल पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक दोनों पट्टीदार शांत हो गए थे। इधर दोनों पट्टीदार के बीच फायरिंग होने से गांव में दहशत की माहौल व्याप्त है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से गोली चलने की जानकारी मिली थी। मामले का जांच -पड़ताल की जा रही है। अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# 24 पुड़िया हेरोइन के साथ तस्कर धराया, निशानदेही पर छापेमारी जारी

## डुमरांव में फल फूल रहा मादक पदार्थों का धंधा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोमवार की सुबह डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप से एक तस्कर को 24 पुड़िया हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर हुई है। गिरफ्तार तस्कर नगर के लालगंज कड़वी मोहल्ले के सुमेश्वर साह का पुत्र चंदन साह है। उससे पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस मादक पदार्थ के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर उसे पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो उसके पास से 24 पुड़िया हेरोइन बरामद हुआ। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि डुमरांव में मादक पदार्थों का धंधा लंबे समय से फल फूल रहा है। जिसमें लालगंज कड़वी का इलाका इसका केन्द्र बना हुआ है। बता दें कि इसके पहले लालगंज कड़वी मोहल्ले के दो सगे भाई दो बार गांजा तस्करी मामले में जेल जा चुके है। उनके पास से गांजा की बड़ी खेप भी बरामद हुई थी। वही इसके अलावे शराबबंदी के दर्जनों बार इस मोहल्ले में शराब की खेप भी बरामद हो चुकी है। जानकारों का कहना है कि कोरानसराय, मठिला, कृष्णाब्रह्म के टुड़ीगंज, बक्सर नगर के बाद डुमरांव भी मादक पदार्थों के तस्करों का बड़ा केन्द्र बनते जा रहा है। सोमवार को हेरोइन की खेप के साथ तस्कर की गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि डुमरांव में मादक पदार्थों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है।

## कथा के मुहूर्त को लेकर व्रतियों में रही भ्रामक स्थिति, सुबह 10 बजे से पूजन और कथा का दौर हुआ आरंभ

# पति की दीघ्रायु के लिए महिलाओं ने रखा हरतालिका तीज का व्रत

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**



पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने सोमवार को हरतालिका तीज व्रत रखा। और माता पार्वती व भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज के नाम से जाना जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। लगभग 24 घंटे के इस व्रत में जल तक नहीं ग्रहण करने का विधान है।


इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने किया था। आज ही के दिन माता पार्वती को भगवान भोलेनाथ पति के रूप में प्राप्त हुए थे। तभी से इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए रखती हैं। महिलाओं ने सोमवार की सुबह व्रत का संकल्प लेकर भगवान शिव के पूजन की तैयारी की। तमाम महिलाओं ने दोपहर में नजदीकी के गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। वही इस बार विभिन्न पंडितो द्वारा अलग अलग मुहूर्त बताए जाने की वजह से सुबह 11 बजे से ही महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शंकर-पार्वती गणेश, कार्तिकेय व नंदी की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर विधि विधान से पूजा की। साथ ही उनको भोग लगाए गए। फिर मंगल गीतों के साथ आरती उतारी गई। कई घरों व मोहल्ले में सामूहिक पूजन के बाद हरितालिका व्रत की कथा सुनी गई व शिव पार्वती की महिमा के गीत गाए गए। महिलाओं ने रात्रि जागरण भी किया। शहर के रामरेखा घाट, रामेश्वरनाथ मंदिर, सती घाट, गोला घाट, गौरी शंकर मंदिर, नाथ बाबा मंदिर इत्यादि जगहों पर पहुंच महिलाओ ने कथा सुना और पंडितो को दान पुण्य किया। वही तीज का व्रत आरंभ करने के लिए नव विवाहिताओं में सबसे ज्यादा उत्साह दिखाई दिया। डुमरांव में भी विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने तीज व्रत की कथा सुनी। इस दौरान 24 घंटे के निर्जला व्रत के बावजूद महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं ने पूरे विधि विधान से देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की रक्षा व सौभाग्य की श्रीवृद्धि की कामना की।

**तीज व्रती महिलाओं के बीच बांटा गया श्रृंगार सामग्री**

**नावानगर।** हरतालिका तीज व्रत के अवसर पर सोमवार को रूपसागर पंचायत अंतर्गत तुरांवखास गांव की महादलित बस्ती में व्रती महिलाओं के बीच श्रृंगार सामग्री का वितरण किया गया। श्रृंगार वितरण बक्सर भविष्य निर्माण मिशन के बैनर तले किया गया। इधर श्रृंगार समाग्री पाकर महादलित बस्ती में व्रती महिलाएं काफी खुश नजर आ रही थी। मिशन के सदस्य दीपक मिश्रा ने बताया कि इस दौरान बस्ती के बच्चों में पाठ्य सामग्री, कलम , कौपी व मिठाइयां भी बांटी गई। मौके पर शीला देवी, कंचन देवी, मालती देवी, परमिला देवी, संजू देवी सहित अनेकों महिलाएं मौजूद थी।

## एक नजर

### लाइन क्लोज हुए टाउन थानाध्यक्ष, जमीन विवाद में लापरवाही पर एसपी ने की कार्रवाई



**बक्सर।** हाल ही में एसआई से इंस्पेक्टर में प्रोन्नत हुए बक्सर टॉउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को एसपी मनीष कुमार ने लाइन क्लोज कर दिया है। फिलहाल उनके जगह किसी की पोस्टिंग भी नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार पूर्व सदर एसडीपीओ गोरख राम के जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि पिछले दिनों नगर के शिवपुरी मोहल्ले में जमीन विवाद में एक पक्ष द्वारा दिनदहाड़े दीवार गिरा दिया गया था। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर नगर थानाध्यक्ष की भूमिका पर सवाल उठाया था। तब एसपी मनीष कुमार ने इस मामले की जांच तत्कालीन सदर एसडीपीओ गोरख राम से करवाई थी। गोरख राम ने इनके खिलाफ एसपी को रिपोर्ट सौंपा था। जिसके बाद एसपी ने उन्हें लाईन क्लोज कर दिया है। बता दें कि वे लंबे समय से नगर थानाध्यक्ष के पद पर बने हुए थे तथा उनके खिलाफ कई मामले भी आए थे। लेकिन तब साक्ष्य के अभाव में उनपर कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। इधर पुलिस महकमा द्वारा उन्हें सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर में प्रोन्नत किया गया था। लेकिन इसी दौरान उनपर विभागीय कार्रवाई की गाज गिर गई है। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### थर्मल प्लांट के कर्मी की करंट लगने से मौत

**बक्सर।** बक्सर थर्मल पावर प्लांट में कार्य करने वाले एक टेक्निकल मजदूर की लेबर कालोनी में करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी के बाद पहुंचे कम्पनी के अधिकारियों, राजपुर व मुफ़स्सिल थाना प्रभारी द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। वही कम्पनी के अधिकारियों द्वारा मृतक के आश्रितों को पॉलिसी के अंतर्गत तत्काल दाह संस्कार के लिए एक लाख की राशि दी गई व छह लाख मुआवजे की राशि दिए जाने का लिखित आश्वासन दिया। मृतक मुजफ्फरपुर के जसौली गांव निवासी रामप्रवेश राम एक माह पहले बक्सर थर्मल प्लांट निर्माण में सहायक निर्माण कम्पनी एल एन्ड टी कम्पनी के अंतर्गत कार्यरत पावर मैक लिमिटेड कंपनी में ग्राइंडर टेक्निकल मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था। वह, कोचाढी स्थिति निजी लेबर कालोनी में रहता था। जहां घरेलू बिजली की मरम्मत के दौरान करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों के साथ मजदूर प्रकोष्ठ अध्यक्ष द्वारा कंपनी के पॉलिसी के अनुसार उचित मुआवजा देने की मांग की गई। जहा पावर मैक कंपनी के एचआर सुनील सिंह के द्वार दाह संस्कार के लिए तत्काल एक लाख रुपए नगद आश्रित के परिजनों को दिया साथ ही छह लाख का मुआवजा एक महीने के अंदर दिए जाने का लिखित आश्वाशन दिया गया। कंपनी के पदाधिकारी का कहना था कि मजदूर के साथ हादसा निजी लेबर कॉलोनी में हुआ हैं।

### अर्जुनपुर में गिरी आकाशीय बिजली, चार जख्मी

**बक्सर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में रविवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे चार किसान घायल हो गए जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम गांव के बधार में किसान खेत पर काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज बारिश आरंभ हो गई। इस दौरान किसान गुलर के पेड़ के पास स्थित बोरिंग के पास स्थित झोपड़ी में छिप गए। तभी बिजली की चमक के साथ ठनका गिरा जिसकी चपेट में चुरामनपुर के धनजी कुमार पिता सुदर्शन, शिव कुमार पिता शिवमंगल सिंह, पप्पू कुमार पिता रामयश कोहार और अर्जुनपुर के प्रमोद यादव पिता अशोक यादव घायल हो गए। जिसके बाद घायल अवस्था में परिजनों को सूचना दिए जिसके बाद सभी को परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जो खतरे से बाहर है और इलाज चल रहा है।

### धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**केसठ।** रविवार को क्षेत्र में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से की गई। कई जगह पर विधिवत उनका पूजा अर्चना किया गया। जबकि लौह उपकरण इलेक्ट्रॉनिक दुकान, वाहन एजेंसियो, वाहन चालकों समेत लोहे के उपकरण का उपयोग करने वाले दुकानदारों ने बड़ी संख्या में अपनी दुकानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां देर रात तक लोग झूमते गाते रहे। विश्वकर्मा पूजा को ले सुबह से ही लोगों में उत्साह व्याप्त था। लौह उपकरण की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दुकानों के बाहर बंदनवार लगाए गए थे। पूरे दिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भगवान विश्वकर्मा की महिमा के गीत बजते रहे। जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। बता दे कि भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के पहले शिल्पी थे। इसीलिए उन्हें देव शिल्पी का दर्जा प्राप्त है।

### शिक्षिका की मौत पर शिक्षकों में शोक की लहर

**बक्सर।** इटाढ़ी प्रखंड के मिडिल स्कूल खखरही में पदस्थापित नियोजित शिक्षिका पुष्पा कुमारी का मौत रविवार को सदर अस्पताल बक्सर में ईलाज के दौरान हो गई। वे लिवर कैंसर की बिमारी से पीड़ित थी। उनका इलाज दिल्ली एम्स में हो रहा था। वे अपने पीछे इकलौते पुत्र को छोड़कर चल बसी है। उनके निधन की सूचना शिक्षक समाज में आग की तरह फैल गई। शिक्षकों के चेहरे पर मायूसी छा गई। वे 2005 बैच की शिक्षिका थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को चौसा श्मशान घाट पर किया गया। उनके पति बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र पासवान ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष केडी सिंह, जिला सचिव राघवेंद्र सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उनके आश्रित को अनुकंपा की नौकरी एव तत्काल चार लाख अनुग्रह राशि देने की मांग जिला शिक्षा पदाधिकारी से की है।



# शस्त्र पूजा के दौरान अवैध हथियार से चली गोलियां, बच्ची समेत दो जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में रविवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर शस्त्र पूजन के दौरान अलग-अलग गांवों में अवैध हथियार से अवैध हथियार से गोली चल गयी। उसमें एक पैक्स अध्यक्ष की भतीजी सहित दो बच्चे जख्मी हो गए। उनमें एक के पेट जबकि दूसरे के थाई में गोली लगी है। दोनों का इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई और पीरो थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव में हुई है। घायलों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी स्व. हरेराम सिंह का 14 वर्षीय पुत्र मनोरंजन कुमार और पीरो के जमुआंव गांव निवासी मुन्ना कुमार पांडेय की 10 वषीर्या पुत्री आयुषी कुमारी। इनमें आयुषी कुमारी पैक्स अध्यक्ष संजय पांडेय की भतीजी बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस की ओर से स्थानीय थानों में प्राथमिकी दर्ज करा छानबीन शुरू कर दी गयी है।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि विश्वकर्मा पूजा के मौके पर शस्त्र पूजन के दौरान दोनों घरों में परिजनों द्वारा अवैध हथियार की पूजा की जा रही थी। तभी एक्सीडेंट फायर हो गया। उसमें दोनों बच्चों को गोली लग गयी। दोनों का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इधर, बच्चों का इलाज कर रहे डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि बच्ची को गोली पेट के बीच में लगी थी, जो आरपार हो गई है। ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है। बच्चों की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है। वहीं किशोर के बाएं जांघ में गोली लगी है। उससे पैर की खून की नली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है ।उसका खून भी काफी बह गया है। मरीज की स्थिति काफी खराब है। डेमेज खून की नली को रिपेयर कर दिया गया है।

**तकिये के नीचे रखा था पिस्टल** : इधर, गोली से जख्मी जमुआंव गांव निवासी आयुषी कुमारी का कहना था कि उसके कमरे में तकिया के नीचे बंदूक रखा था। उसकी छोटी बहन ने उसे उठा लिया था। उसके हाथों में बंदूक देख वह उससे छीन रही थी। उसी दौरान गोली चल गयी और उसके पेट में जा लगी। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। हालांकि उसके परिजन उस मामले में कुछ भी बताने से बचते रहे। वहीं, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव में फायरिंग की घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि किशोर एक अन्य दोस्त अवैध हथियार के साथ बैठा थे। दोनों हथियार रखने को लेकर आपस में छीना-छपटी करने लगे। उसी दौरान हथियार का ट्रिगर दब गया और गोली उसके जांघ पर जा लगी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा के एक निजी अस्पताल लाया गया।

## एक नजर

### डुमरांव राजपरिवार में बजेगी शहनाई, तीज के दिन युवराज शिवांग विजय सिंह की हुई सगाई



**बक्सर।** डुमरांव राज परिवार के घर जल्द ही शहनाई बजेगी। हरितालिका तीज के दिन राजपरिवार के महाराजा चन्द्रविजय सिंह व कनिका सिंह के बड़े पुत्र शिवांग विजय की सगाई नेपाल के बिशाका अर्याल के साथ कोलकता के बर्द्धमान भवन में संपन्न हुई। महाराजा चन्द्रविजय सिंह ने बताया कि शिवांग विजय व उनकी होने वाली बहू बिशाका अर्याल जल्द की वैवाहिक बंधन में बंध जाएगें। सगाई के मौके पर युगल जोड़ी को युवराज शिवांग विजय सिंह की नानी विभु देवी, वर्द्धमान राज परिवार के युवराज जयचंद मेहता, युवरानी भवानी देवी, मेथोडिस्ट अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने होने वाले वर-बधु को आशीर्वाद दिया। सगाई होने के बाद से राजपरिवार में खुशी का माहौला है। जल्द ही, शादी की तिथि की घोषणा की जाएगी।

## हत्या में पूर्व वार्ड पार्षद की पत्नी की संलिप्तता की हो रही जांच

# अवैध संबंध में करायी गयी थी पूर्व पार्षद की हत्या, पत्नी का प्रेमी व पुत्र गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के मिल्की मिश्रपुरा गांव निवासी पूर्व पार्षद त्रिभुवन महतो उर्फ छोटू उर्फ राजकुमार की हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। पत्नी के अवैध संबंध में उनके बेटे और सहयोगी द्वारा सुपारी देकर उनकी हत्या करायी गयी थी। उसके लिए दो शूटर हायर किये गये थे। पुलिस द्वारा उनके बेटे कुश कुमार और पत्नी के प्रेमी मुन्ना चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुन्ना चौधरी कोईलवर वार्ड नंबर चौदह का निवासी है। वह पूर्व पार्षद का सहयोगी भी रहा है। पूर्व में वह अपनी पत्नी की हत्या में जेल भी जा चुका है। दोनों ने हत्याकांड में लाइनर का काम किया था। उनके पास से लाइनर के काम में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गयी है। चार मोबाइल भी जब्त किए गये हैं, जिससे हत्या की साजिश रचने के कुछ अहम क्लू मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज से पहचान के बाद दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों द्वारा अपना गुनाह भी कबूल कर लिया गया है।



### ■ बेटे ने मां के प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या की साजिश, सीसीटीवी फुटेज से हुई दोनों की पहचान

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शुक्रवार की सुबह पूर्व पार्षद की हत्या के बाद मामले की तफ्तीश और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम ने घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच और मोबाइल सर्विलांस से दोनों की पहचान की गयी। उस आधार पर शनिवार को दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने हत्याकांड में शामिल होने की बात स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार मुन्ना चौधरी है। उसके द्वारा ही पूर्व पार्षद के बेटे के साथ मिलकर हत्या का साजिश रची थी। उसके बाद पैसे देकर दो शूटर हायर किये गये थे। उन्होंने बताया कि शूटरों की पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व पार्षद की पत्नी का मुन्ना चौधरी के साथ अवैध संबंध था। ऐसे में उनकी भी हत्याकांड में संलिप्तता की जांच की जा रही है। सबूत मिलने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, थाने के अन्य पुलिस कर्मी और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

**पैसे और शराब को लेकर बाप-बेटे में होती रहती थी तकरार** : एसपी ने बताया कि तफ्तीश में पता चला कि पूर्व पार्षद की पत्नी का मुन्ना चौधरी के साथ अवैध संबंध था। मुन्ना चौधरी का उनके घर आना-जाना लगा रहता था। वहीं उनका अपने बेटे कुश कुमार के साथ भी संबंध अच्छा नहीं था। पैसे और शराब पीने को लेकर दोनों बाप-बेटे के बीच अक्सर मारपीट होती रहती थी। उसे देख मुन्ना चौधरी द्वारा पूर्व पार्षद को अपने रास्ते से हटाने की साजिश रची। उसके तहत उसने पहले पार्षद के बेटे कुश कुमार को बरगला कर अपने पक्ष में कर लिया। उसके बाद पैसे देकर दो शूटरों को हायर कर हत्या करा दी गयी। इधर, सूत्रों के अनुसार मुन्ना चौधरी द्वारा हत्या के लिए दो लाख की सुपारी दी गई थी। हालांकि एसपी का कहना है कि शूटरों की गिरफ्तारी के बाद सुपारी की बात क्लीयर हो सकेगी। एसपी का कहना है कि पैसे देकर शूटरों को हायर किये जाने की बात सामने आ रही है। इधर, सूत्रों के अनुसार पूर्व पार्षद के जेल जाने के बाद मुन्ना चौधरी द्वारा बेल कराने के लिए पांच लाख रुपए दिया था। उसमें दो लाख रुपए पूर्व पार्षद द्वारा लौटा दिया गया था। तीन लाख रुपए बकाया था। उसे लेकर भी दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

### पूर्व वार्ड पार्षद के जेल जाने के बाद उसकी पत्नी से बढ़ी थी मुन्ना की नजदीकियां

कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड 14 निवासी मुन्ना चौधरी कुछ माह पहले तक बालू पासिंग के काम में त्रिभुवन महतो उर्फ छोटू महतो का पार्टनर था। उसी बीच पूर्व पार्षद त्रिभुवन महतो उर्फ छोटू जुलाई 2022 में पासिंग के खेल में जेल चले गये। तब वह आठ माह तक जेल में रहे। उस दौरान मुन्ना चौधरी पूर्व पार्षद के घर से लेकर धंधे तक संभालने लगा था। पूर्व पार्षद के जेल में रहने के दौरान मुन्ना चौधरी का उनकी पत्नी से नजदीकियां बढ़ गयी थी। इस साल होली के समय पूर्व वार्ड पार्षद जेल से छूट कर आये, तो उनको इन सब बातों की जानकारी मिली। उसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था और मुन्ना और छोटू की राह अलग हो गयी थी। तब मुन्ना चौधरी द्वारा पूर्व पार्षद की हत्या की साजिश रची गयी।

### अपहरण मामले में टॉप टेन की लिस्ट में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा लूटपाट और अपहरण में वांछित जिले के एक टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। वह तीयर थाना क्षेत्र के अंधारी बाग गांव निवासी रामजी सिंह उर्फ रामजी यादव का पुत्र विनोद यादव है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया है। वह तीयर थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी वाहन के चालक से लूटपाट और जगदीशपुर में चिमनी मालिक के अपहरण कांड में वांछित था। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि तीयर थाना क्षेत्र के कटाई बोझ गांव के समीप 12 जुलाई को बिहिया के अमराई स्थित इंडेन गैस एजेंसी वाहन के चालक से बाइक सवार दो-तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर बिक्री के 74 हजार रुपए लूट लिया गया था। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। पूर्व में भी कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में विनोद यादव की तलाश थी। गिरफ्तारी में जुटी पुलिस को मोबाइल लोकेशन के जरिए विनोद यादव के उड़ीसा में होने की सूचना मिली। उस आधार पर तीयर थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह के नेतृत्व में डीआईयू टीम द्वारा उसे उड़ीसा से गिरफ्तार किया।




### महिलाएं अपने पति को हेलमेट पहनाएं और उनकी लंबी उम्र पायें: एसपी



**आरा।** महिलाओं के अखंड सुहाग के त्योहार तीज के अवसर पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से सोमवार को अनूठी पहल की गयी। इस अवसर पर पुलिस की ओर से बंदोबस्त कार्यालय के पास हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर बिना हेलमेट पहन बाइक चलाने वाले दर्जनों लोगों को पुलिस की ओर से मुफ्त में हेलमेट दिया गया। साथ ही भविष्य में हेलमेट के पहन कर ही बाइक चलाने का संकल्प दिलाया गया। तीज के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कहा गया कि अपने पति को हेलमेट पहनायें और उनकी लंबी उम्र पायें। अफसरों ने कहा कि जिस तरह अखंड सुहाग और आप पति की लंबी उम्र को निर्जला व्रत कर रही हैं। उसी तरह उनकी सुरक्षित यात्रा के लिए हेमलेट पहनने को बाध्य करने का संकल्प लें। उससे आपके पति के साथ आपका पूरा परिवार खुश रहेगा। मौके पर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने सर्वे के अनुसार कहा कि सबसे अधिक मौत सड़क हादसों के कारण होती है। ऐसे में हमेशा हेलमेट पहन कर ही बाइक चलायें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उससे आप खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी।

### रेस्टोरेंट मैनेजर की हत्या व रंगदारी मांगने में वांछित अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** जिले की उदवंतनगर थाने की पुलिस द्वारा आपराधिक वारदात को अंजाम देने के फिराक में पहुंचे हत्या और रंगदारी मांगने में वांछित एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोलियां और एक मोबाइल बरामद किया गया है। पकड़ा गया अपराधी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह का पुत्र गोलू कुमार है। उसे रविवार की रात भगवतीपुर गांव में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हथियार चमकाते पकड़ा गया है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर रविवार की रात भगवतीपुर गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसमें गोलू कुमार अपने साथियों संग किसी आपराधिक वारदात को अंजाम हथियार लेकर पहुंचा था। तभी सूचना सूचना मिली कि कुछ अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने कार्यक्रम में हथियार के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में हथियार चमका रहे हैं। उस आधार पर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अवधेश कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ



तत्काल छापेमारी कर गोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोलियां और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ और सत्यापन के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार अपराधी गोलू कुमार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर पुल के पास रेस्टोरेंट मैनेजर की हत्या और इसी माह के चार तारीख को उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी खाद दुकानदार मदन चौधरी से दो लाख की रंगदारी मांगने सहित तीन मामलों में वांछित है। उदवंतनगर पुलिस की सक्रियता और अपराधी की निशानदेही से एक आपराधिक वारदात टल गयी। यह पुलिस की एक अच्छी सफलता है।




## काफी दिनों से गायब मोबाइल विश्वकर्मा पूजा के दिन मिलने से मुस्कुरा उठे लोग, दिया धन्यवाद

# पुलिस ने खोज निकाले 31 लोगों के चोरी और गुम हुए मोबाइल

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत विश्वकर्मा पूजा के दिन चोरी और गायब मोबाइल बरामद कर 31 लोगों को तोहफा दिया है। रविवार की दोपहर पुलिस ऑफिस में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने धारकों को मोबाइल सौंपा। इधर, गायब मोबाइल मिलने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आयी। मोबाइल मिलने से गदगद लोगों द्वारा एसपी समेत तमाम पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया गया। मौके पर मोबाइल धारकों ने कहा कि पुलिस का यह अभियान काफी अच्छा है। कुछ मोबाइल



धारकों द्वारा बेहतर पुलिसिंग को लेकर कुछ सुझाव भी दिए गए। एक युवक का कहना था कि बहुत शौक से मोबाइल लिया था। चोरी होने से काफी परेशान हो गया था। उसने तो मोबाइल मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी।

रविवार को पुलिस द्वारा मोबाइल देने के लिए बुलाया गया, तो विश्वास नहीं हो रहा था। पुलिस ऑफिस में मोबाइल मिलने और एसपी ने हाथ मिलाये जाने से वह काफी खुश दिख रहा था। ऑपरेशन मुस्कान के तहत भोजपुर पुलिस द्वारा अबतक करीब छह सौ से अधिक मोबाइल की बरामदगी की जा चुकी है। एसपी ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल की चोरी, गुम होने, लूट और छिनतई की घटनाएं हो रही हैं। अपराधियों द्वारा ऐसे मोबाइल का इस्तेमाल भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है। ऐसे में ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम का गठित कर चोरी और गुम मोबाइल की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विशेष टीम द्वारा सर्विलांस के जरिए तकनीकी मदद एवं संबंधित थाना के सहयोग से मोबाइल की बरामदगी की जाती रही है। उसी कड़ी में इस बार टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र से चोरी और गुम 31 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। उसके बाद असली धारकों को उनके मोबाइल सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। गौरतलब हो कि 15 अगस्त 2021 यानी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तत्कालीन एसपी की ओर से इस अभियान की शुरूआत की गयी थी। उसके बाद से ही फेजवाइज मोबाइल की बरामदगी की जा रही है।



# जेएनसीयू में वॉक इन इंटरव्यू व पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा20 और 21 सितंबर को वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया जायेगा। बीएससी कृषि मृदा विज्ञान, कृषि अभियंत्रण, एमएससी गणित, एमएससी कृषि एग्रोनॉमी तथा पी जी डिप्लोमा योग व प्राकृतिक चिकित्सा के लिए 20 सितंबर और बीएससी कृषि कृषि प्रसार विषय के लिए 21 सितंबर को यह इंटरव्यू आयोजित होगा। उपयुक्त अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी सभी आवश्यक प्रपत्रों के साथ उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे विवि के प्रशासनिक भवन पर उपस्थित हों। अभ्यर्थी अर्हता, वेतन आदि अन्य सूचनाओं के लिए कृपया विवि की वेबसाइट को देखें। यह सूचना विवि के कुलसचिव एसएल पाल ने दी है।

**जेएनसीयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 को :** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में पी. एच-डी. के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 सितंबर को किया जाना सुनिश्चित है।



विवि द्वारा उक्त परीक्षा का केंद्र श्री मुरली मनोहर टाउन पी जी कालेज को निर्धारित किया गया है। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा का प्रथम प्रश्नपत्र शिक्षण एवं शोध कौशल प्रातः 10 से 12 बजे और शोध विषय का द्वितीय प्रश्नपत्र अपराह्न 2 से 4 बजे होगा।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। यह सूचना पीएचडी प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. विनीत सिंह ने दी है। **कुलपति द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण:** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में बीएएमएस की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। 15 से 22 सितंबर तक आयोजित हो रही इस परीक्षा में बीएएमएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की सप्लिमेंटरी और चतुर्थ वर्ष की वार्षिक परीक्षा विवि परिसर में हो रही है। सोमवार को कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने उक्त परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र का निरीक्षण किया और केंद्राध्यक्ष डॉ. पुष्पा मिश्रा को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किये।

## चक्कर खाकर गिरने से युवक की मौत

**सिकंदरपुर।** तहसील क्षेत्र के बघुडी गांव में घर के आंगन में चक्कर खाकर गिरने से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार के देर रात बघुड़ी गांव निवासी सोनू राजभर (38) विश्वकर्मा पूजा से देखकर मालदा चट्टी से अपने घर आया और छत पर जाकर सो गया। कुछ देर बाद वह छत से नीचे उतर कर आंगन में पहुंचा की उसको चक्कर आ गया और बेहोश होकर गिर गया। बेहोशी के हालात में उसे परिजनों ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी ले गए। जहां पर रात्रि में कोई डॉक्टर नहीं था। उसके बाद परिजनों ने सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर लाया । जहां पर डॉक्टर ने गहनता से जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनो ने रात्रि में ही सोनू के शव को लेकर अपने घर चले गए। लेकिन गांव के लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि सोनू शराब पीकर के मरा है।

## एआईएमआईएम पार्टी कार्यालय पर इंडिया की जीत का मनाया जश्न



**केटी न्यूज/बलिया**

एआईएमआईएम पार्टी की मासिक बैठक सोमवार की दोपहर बहेरी स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के अंत में एशिया कप के फाइनल मैच में टीम इंडिया की शानदार जीत पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया एवं एक दूसरे को बधाई दी।

प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि एशिया कप में भारत ने जिस तरीके का उम्दा प्रदर्शन किया है, इतिहास के पन्नों में इसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। भारत को कमजोर समझने वालों को यह करारा जवाब मिला है। फाइनल मुकाबले में मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंका की टीम ताश के पत्तों की तरह ढ़ेर हो गयी। इस दौरान कार्यकताओं को आह्वान किया गया कि वे 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाए तथा पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, त्रिभुवन राम, रामकुमार राजभर आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**मऊ।** जनपद के हालधरपुर थाना क्षेत्र के मोहन सराय गांव में खेत में काम करने जाते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि रामसरीख पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र 62 वर्ष निवासी मोहन सराय थाना हालधरपुर काम करने के लिए खेत पर जा रहे थे तभी अचानक पूरी गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली ने उनके ऊपर प्रहार कर दिया जिससे रामसरीख की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एक और आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बलिया।** चिलकहर गांव में चाकू मारकर युवक की हत्या के मामले में गड़वार थाना पुलिस ने सोमवार की दोपहर एक बजे एक आरोपी को चोगड़ा चट्टी के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रोहित पटेल पुत्र राधेश्याम पटेल निवासी चिलकहर है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते शुक्रवार की दोपहर चिलकहर गांव में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गड़वार थाने में कुल 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के अगले दिन यानी शनिवार को तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### रोजगार मेले का आयोजन 21 को

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी एम.आर. प्रजापति ने बताया कि रा०औ०प्र० संस्थान एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से दिनांक 21 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:30 रोजगार मेले का आयोजन रा०औ०प्र० संस्थान सहादतपुरा मऊ के परिसर में किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा०लि०, पशुपतिनाथ बायो टेक्नोलाजी, महामाया विकास गार्मेन्टस एवं विदेश में हेल्पर, क्लीनर, सिक्योरिटी गार्ड एसी टेक्निशियन इलेक्ट्रीशियन, आटोमोटिव आदि पदों पर ठरऊ (नेशनल स्किल डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन) द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 30 दिन की निःशुल्क प्रशिक्षण राजकीय आईटीआई करौंदी वाराणसी में दिया जायेगा। योग्य अभ्यर्थियों को मुफ्त वीजा एवं मुफ्त एयर टिकट देकर विदेश में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्रदान करने की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। मेले में जनपद के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, स्नाकोत्तर, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण वेरोजगार पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों द्वारा अपनी एडमिन से सम्बन्धित कम्पनियों में सेवायोजन पोर्टल से आवेदन करते हुए शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग किया जायेगा।

## मऊ में चित्र प्रदर्शनी का अपर जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

# योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठाएं: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ.प्र. द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित जीवनराम इंटर कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से जीवनराम इंटर कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान (सोनी धापा इंटर कॉलेज के पास) में सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अवलोकन करते हुए जनपद वासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शनी में जन सहभागिता की अपील की, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सरकार द्वारा



संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके तथा वे सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी डॉक्टर धनपाल सिंह ने भी नगर वासियों सहित समस्त जनपद वासियों से इस चित्र प्रदर्शनी को देखने की अपील की, जिससे सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ ही योजनाओं से संबंधित समस्त पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठा सकें।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पूर्णत आनलाइन हो गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट / पोर्टल पर आनलाइन आवेदन किया जायेगा। कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम रू0 2.00 लाख तक होगी। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है।




## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 10 घायल

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के मेउली कनासपुर गांव में सोमवार की सुबह 11 बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेजुरी पर कराया गया। जानकारी के मुताबिक मेउली कनासपुर गांव निवासी मोहित राजभर एवं लालचंद राजभर के बीच डीह की आराजी को लेकर विवाद चला आ रहा है। सोमवार की सुबह एक पक्ष द्वारा विवादित स्थल पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसका एक पक्ष ने विरोध किया। पहले तो दोनों पक्षो में तू–तू, मैं–मैं और गालीगलौज हुआ। जिसके बाद दोनों पक्षों से लाठी डंडे और ईंट पत्थर चलने लगे। मारपीट की सूचना किसी ने पकड़ी पुलिस को दी।

## पीएम मोदी के जन्म दिवस पर रक्तदान और निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन



**केटी न्यूज/मऊ**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर के सहादतपुरा स्थित प्रकाश हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर मे रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री, अनिल राजभर व लोकसभा प्रभारी श्री देवेन्द्र सिंह जी और जिलाध्यक्ष श्रीमती नूपूर अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

इस दौरान सैकड़ो लोगों का चेकअप किया गया वही 13 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि जिले मे जिलापंचायत अध्यक्ष श्री मनोज राय द्वारा लोगों की सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया है वह काफी सराहनीय है।

एक कार्यकर्ता के तौर पर अपने नेता के जन्मदिन पर जनता की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होने सभी रक्तदान करने वाले लोगो के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## मोटरसाइकिल रैली का आयोजन



**केटी न्यूज/मऊ**

भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में विश्वकर्मा जयंती और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के कार्यक्रम पर रोडवेज स्थित आशीर्वाद मैरेज हाल में वर्चुवल प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनते रहे तो दूसरी तरफ सड़क पर पिछड़ा वर्ग के नेताओं ने मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। लगभग एक घंटे मोटरसाइकिल रैली को लेकर आशीर्वाद मैरिज के हाल के सामने यातायात व्यवस्था जाम रही । गाड़ियों की लंबी कतारों से जाम देखने को मिला ।

प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा सदर हॉस्पिटल में फल वितरण किया गया। तो वहीं दूसरी तरफ एक मरीज डोमनपुरा निवासी मतलुब अहमद ने इलाज के लिए 30 से 35000 मांगे जाने का चिकित्सक पर आरोप लगाते संभव इलाज होने की गुहार लगाई । मंत्री अनिल राजभर ने सीएमएस एपी गुप्ता को बुलाकर फटकार लगाते हुए कहा की जो भी समस्याएं हो सारी समस्याओं को हमें संज्ञान में डालिए। आई'एम सॉरी चिकित्सा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने प्रेस वार्ता में बताया की प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल का पालन करने के साथ ही लोकल फॉर ग्लोबल बनाना पड़ेगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री का जन्मदिवस धूमधाम से मना रहा है,देशवासी मोदी जी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

**मऊ ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पलिगढ गांव में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थिति में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला की मौत होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष के लोगों ने लडके और उसके पिता के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है। मृतक सोनम 22 पत्नी राजन राम सरायलखंसी थाना क्षेत्र पलिगढ गांव की निवासी थी। सोनम ने छह नवंबर 2022 में राजन उर्फ राजू से परिवार के प्रेम विवाह किया था।

इस शादी से दोनों पक्षों के लोग सहमत नही थे । सोनम गर्भवती थी रविवार की भोर पांच बजे के करीब उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। गर्भवती महिला की मौत की सूचना पर उसके पिता और मायके पक्ष के अन्य परिजन ससुराल पहुंच गए। जहां उन्होंने बेटी की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।



